web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 20 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 232

## स्वाति मालीवाल मामला

# पुलिस ने सीएम केजरीवाल के आवास से सीज किया डीवीआर

**नई दिल्ली । आरएनएस**

आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी और मारपीट के मामले की जांच के क्रम में दिल्ली पुलिस ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास का डिजिटल वीडियो रिकॉर्ड (डीवीआर) सीज कर लिया।

मालीवाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार ने 13 मई को सीएम आवास के भीतर उनके साथ बदसलूकी की और उन्हें पीटा। पुलिस ने मामला दर्ज कर शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में एक स्थानीय अदालत ने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस टीम ने घटना के फुटेज प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री आवास से डीवीआर तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किये हैं। उनका कहना है कि कुमार पूछताछ के दौरान साफ-साफ जवाब नहीं दे रहे हैं।



पुलिस ने अदालत को बताया था कि उसे जो सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराया गया है वह ब्लैंक है। कुमार ने अपना मोबाइल फोन पुलिस को दिया लेकिन पासवर्ड नहीं बताया। इसके अलावा कुमार ने खराबी का बहाना बनाकर एक दिन पहले अपना मोबाइल फॉर्मेट कर दिया था।

पुलिस ने अदालत को बताया कि फोन को फॉर्मेट करने से पहले उसके डाटा को क्लोन करना होता है। इसलिए, उनके फोन के डाटा को वापस हासिल करने के लिए उन्हें मुंबई ले जाया जाएगा क्योंकि डाटा रिट्रीव करने के लिए विशेषज्ञों के समक्ष उनकी उपस्थित जरूरी है।

पुलिस ने मामले में छेड़छाड़ और गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। सिविल लाइंस थाने में दर्ज मामले में आईपीसी की धारा 308 (गैर-इरादतन हत्या), 341 (गलत तरीके से रोकना), 354बी (महिला का चीरहरण करने के उद्देश्य से बलप्रयोग), 506 (आपराधिक धमकी) और 509 (महिला का शीलभंग करने वाले शब्द, भंगिमा या कार्य) के तहत आरोप लगाये गये हैं।

### स्वाति मालीवाल केस में बड़ा खुलासा, सीसीटीवी ब्लैंक शो हो रहा, फोन भी फ़ॉर्मेट कर दिया गया

स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोप में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीएस विभव कुमार को अदालत में पेश किया गया। तीस हजारी कोर्ट में शनिवार रात हुई सुनवाई में विभव को 5 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया। दिल्ली पुलिस ने 7 दिनों की रिमांड मांगी थी। तीस हज़ारी कोर्ट में दो घंटे तक दोनों पक्षों की तरफ से दलीलें पेश की गईं, इसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया। वहीं कल पुलिस कस्टडी की मांग को लेकर तीस हजारी कोर्ट में बहस हुई तो हैरान करने वाला खुलासा हुआ। पुलिस द्वारा ज़ब्त सीसीटीवी में घटना के दौरान का सीसीटीवी ब्लैंक शो हो रहा है और घटना के समय का सीसीटीवी नहीं मिला है।

दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने विभव कुमार की हिरासत पर बहस करते हुए कोर्ट को बताया, 'हमने डीवीआर मांगा, वह पेन ड्राइव में दिया गयाज्फुटेज खाली पाई गई. पुलिस को आईफोन दे दिया गया है, लेकिन अब आरोपी पासवर्ड नहीं बता रहा है. फ़ोन को फ़ॉर्मेट कर दिया गया है।' डीवीआर को डिजिटल वीडियो रिकॉर्डिंग के तौर पर जाना जाता है, जिसमें कैमरे की रिकॉर्डिंग स्टोर होती है। डीवीआर के लिए पुलिस ने नोटिस भी जारी किया था।

कल विभव की अरुणा आसफ अली सरकारी अस्पताल में उनकी मेडिकल जांच करवाई गई। मामले की जांच कर रही पुलिस सांसद स्वाति मालीवाल से मिलने उनके आवास पर पहुंची। सुनवाई के दौरान विभव के वकीलों ने अदालत को बताया कि पुलिस इस मामले में तथ्यों को तोड़-मरोड़ रही है। उन्होंने अदालत को यह भी बताया कि स्वाति मालीवाल बिना किसी पूर्व सूचना व अपॉइंटमेंट के मुख्यमंत्री आवास पहुंचीं। उन्होंने किसी को यहां आने का उद्देश्य भी नहीं बताया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कठुआ में हथियारों के साथ दिखे संदिग्ध, सुरक्षाबलों ने चलाया तलाशी अभियान

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सीमावर्ती इलाके में संदिग्धों के देखे जाने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू कर तरनाह नाला पुल के पास उस इलाके की घेराबंदी कर दी है जहां तीन संदिग्धों के देखे जाने की जानकारी मिली थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) ने दावा किया था कि उन्होंने शनिवार देर रात तीन संदिग्धों को हथियारों के साथ इस इलाके में देखा था। जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बल तुरंत सक्रिय हो गये और इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया।

### आगरा में जूता कारोबारियों पर आयकर विभाग की रेड, नोटों के ढेर देखकर अफसर भी हैरान,60 करोड़ कैश बरामद

**आगरा (आरएनएस)।** तीन बड़े जूता कारोबारियों के यहां तलाशी के दौरान जो कैश मिला है उसने सबके होश फाख्ता कर दिए हैं। अभी तक 60 करोड़ रुपये नकद बरामद किए जाने की जानकारी मिली है। आयकर विभाग की तरफ से एमजी रोड के बीके शूज, धाकरान के मंशु फुटवियर और हींग की मंडी के हरमिलाप ट्रेडर्स पर ये कार्रवाई एकसाथ की गई है। गिनती के लिए बैंकों से नोट गिनने की मशीनें मंगवाई गई हैं। रात तक नोटों की गिनती जारी रही। इस राशि का कोई हिसाब-किताब नहीं है, बाकी राशि को भी गिना जा रहा है। इतनी भारी मात्रा में मिले नोट गिनते गिनते अधिकारी और कर्मचारी थक गए। इनकम टैक्स विभाग को टैक्स में हेराफेरी करने और आय से ज्यादा संपत्ति होने का संदेह था। इसी को लेकर विभाग को जब सूचना मिली तो टीम ने तीन जूता व्यापारियों के ठिकानों पर रेड डाली। हालांकि अभी विभागीय अधिकारी इस मामले में बोलने से बच रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि घर में अलग-अलग स्थानों से टीम ने 60 करोड़ रुपये बरामद कर लिए। अधिकतर नोट पांच सौ रुपये के थे। टीम में शामिल अधिकारियों ने पहले हाथों से गिनती की। इसके बाद नोट गिनने के लिए कुछ मशीनें मंगवाई। मगर, नोट इतने अधिक थे कि ये मशीनें हांफ गई। रात 10.30 बजे तक दस से अधिक मशीनें मंगवाई जा चुकी थीं।

### डूबने से दो नाबालिग की मौत

**नर्मदापुरम (आरएनएस)।** सेठानी घाट पर दो नाबालिग लडक़ों की डूबने से मौत हो गई। दोनों लडक़ों की उम्र 15 साल है। मामा-बुआ के बेटे थे। कुणाल पटेल इटारसी के ग्राम सोनासांवरी और अक्षत पटेल मेहरागांव का रहने वाला था। दोनों किशोर का परिवार और रिश्तेदार आज मोहिनी एकादशी के भंडारे के लिए मंगलवारा घाट पर आए थे। दोनों किशोर नहाने का कहकर सुबह 9 बजे सेठानी घाट के लिए निकले थे।डेढ़ दो घंटे बाद भी नहीं लौटने पर परिजनों ने उन्हें ढूंढना शुरू किया। सोशल मीडिया पर भी दोनों की तस्वीर डालकर लापता होने का मैसेज पोस्ट किया। परिजन ढूंढते हुए सेठानी घाट पहुंचे। घाट पर सीढ़ी पर उनके कपड़े दिखे। फिर उनकी तलाश शुरू की। घाट पर मौजूद होम गार्ड स्टाफ और गोताखोरों ने दोनों लडक़ों को नदी में ढूंढना शुरू किया। दोपहर करीब पौने दो बजे दोनों बालक को रेस्क्यू कर निकाला गया। लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

### मुंबई में होगा बम विस्फोट!, पुलिस को मिली मैकडॉनाल्ड को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के दादर इलाके में स्थित मैकडॉनाल्ड को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक धमकी भरा कॉल मिला है। फोन करने वाले शख्स ने पुलिस को बताया कि वो बेस्ट की बस नंबर- 351 में यात्रा कर रहा था। उसी दौरान उसने दो लोगों को मैकडॉनाल्ड उड़ाने की बात करते सुना। इस बात की जानकारी कॉलर ने शनिवार की रात पुलिस कंट्रोल को कॉल कर दी। इस कॉल के बाद मुंबई पुलिस जांच और छानबीन में जुट गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है। इन दिनों बम धमाके की धमकी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। बीते दिनों दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट के शौचालय में एक टिशू पेपर पर 'बम' लिखा हुआ मिला, जिसके बाद अधिकारियों में हडक़ंप मच गया।

## उड़ान भरते ही विमान के इंजन में धधकने लगी आग, बेंगलुरु एयरपोर्ट पर कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग; बड़ा हादसा टला

**नई दिल्ली । आरएनएस**

एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के एक इंजन में शनिवार रात उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उसकी आपात लैंडिंग कराई गई। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया।



विमान बेंगलुरु से कोच्चि ज ा रहा था। सूत्रों ने बताया कि उड़ान भरने के तुरंत बाद चालक दल के सदस्यों ने इंजन में आग लगने के बारे में एटीसी को सूचना दी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा, बेंगलुरु-कोच्चि फ्लाइट के उड़ान भरते ही दाहिने इंजन से आग की लपटे निकलती देखी गईं। इसके बाद विमान को वापस उतारने का फैसला किया गया और शनिवार रात विमान बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा। ग्राउंड सर्विसेज ने भी आग की सूचना दी थी। विमान को खाली कराया गया।

उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया और किसी को चोट नहीं आई है। एयरलाइंस यात्रियों के लिए वैकल्पिक विमान की व्यवस्था कर रही है। प्रवक्ता ने कहा कि नियामक के साथ मिलकर घटना की पूरी जांच की जाएगी।

## ट्रक से भिड़ी बस, दो की मौत, तीन घायल

**'रौनाही थाना क्षेत्र के सोहावल ओवर ब्रिज के पास हुई दुर्घटना**

**सोहावल-अयोध्या । आरएनएस**

लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर रविवार की सुबह वातानुकूलित वोल्वो बस अपने आगे चल रहे ट्रक में जा भिड़ी हादसे में बस सवार दो यात्रियों की मौत हुई तीन गंभीर रूप से घायल हो गये।दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। दुर्घटना रौनाही थाना क्षेत्र के सोहावल स्थित ओवर ब्रिज के पास हुई।पुलिस ने बस को किनारे खड़ी कर आवागमन चालू कराया बताया गया कि नागालैंड प्रांत में पंजीकृत वातानुकूलित वोल्वो बस यात्रियों को लेकर गोरखपुर जा रही थी। इसी दौरान क्षेत्र के सोहावल ओवर ब्रिज के पास आगे चल रही ट्रक में भिड़ गयी। रफ्तार तेज होने के चलते टक्कर इतनी जोर हुई की वोल्वो बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से पांच गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। सुबह लगभग साढ़े आठ बजे घायलों को जिला चिकित्सालय ले जाने पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने एक 40 वर्षीय और एक 19 वर्षीय युवक को परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। जबकि अस्पताल प्रशासन ने सिराज पुत्र इदरीश उम्र लगभग 52 वर्ष निवासी बिरऊपुर कोतवाली नगर जिला बस्ती कपूर चंद पुत्र जगदीश कुमार उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी जयपुर कोतवाली नगर जिला जयपुर राजस्थान और धर्मेंद्र कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार उम्र लगभग



26 वर्ष निवासी गोपालपुर थाना कुमारगंज अयोध्या को भर्ती किया।बाद में हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने सिराज और कपूर चंद को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया अभी मृतकों की पहचान नहीं हो पायी है। रौनाही थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि आशंका जताई जा रही है कि आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक ली और तेज रफ्तार वोल्वो बस उसमें पीछे से जा भिड़ी। सुबह लगभग साढ़े आठ बजे हुए इस हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिये चिकित्सालय भेजवाया। मामले की छानबीन करायी जा रही है।

## बिजनौर में पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, एक की मौत, पांच लोग गंभीर रूप से झुलसे

**बिजनौर । आरएनएस**

उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव गंगोड़ा जट के पास एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस के अनुसार, हादसे के सूचना पर दमकल की कई गाडिय़ों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



शहर पुलिस अधीक्षक संजीव वाजपेयी ने बताया कि हल्दौर थाना क्षेत्र के गंगोड़ा जट के पास एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार सुबह 8:30 बजे अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। आग की लपटों और बारूद में हुए धमाकों से पूरा इलाका दहल गया।

अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने हल्दौर पुलिस को आग लगने की सूचना दी। पुलिस और दमकल विभाग की गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं और आग को बुझाने का अभियान शुरू किया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने भी पानी और मिट्टी से आग बुझाने में मदद की।

एएसपी ने बताया कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में छह लोग मौजूद थे। आग लगते ही वे बाहर की तरफ भागे। सभी छह लोग गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां 35 वर्षीय अमित को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

उन्होंने कहा कि पुलिस आग लगने के कारणों की हर पहलू से घटना की जांच कर रही है।

### नोएडा के एक होटल में आग लगने से महिला की मौत

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा के सेक्टर-104 स्थित एक होटल में आग लगने से एक महिला (27) की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने रविवार को बताया, सेक्टर-104 स्थित हाजीपुर गांव में शनिवार को मून होटल की चौथी मंजिल पर आग लग गई थी। सूचना मिलने पर सेक्टर-39 थाने की एक टीम मौके पर पहुंची। आग का धुआं होटल की छठी मंजिल तक पहुंच गया था। आग काबू पाने के बाद, छठी मंजिल पर स्थित एक कमरे में फंसे दिल्ली के मयूर विहार (फेज-1) निवासी तरुण कुमार (26) और सेक्टर-46 निवासी पलक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। अधिकारी ने कहा कि इलाज के दौरान डॉक्टरों ने पलक को मृत घोषित कर दिया।तरुण कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। तरुण पेशे से इंजीनियर है, जबकि पलक फिजियोथेरेपिस्ट थी।

## जबलपुर के गंजीपुरा में कई दुकानें जलकर खाक

**जबलपुर । आरएनएस**

मध्य प्रदेश के जबलपुर के सबसे व्यस्त इलाके गंजीपुरा स्थित बाजार की एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। इस आग ने ऊपरी मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस अग्निकांड में तीन दुकानें जलकर खाक हो गई हैं।

गंजीपुरा शहर का सबसे व्यस्त बाजार है, जहां स्थित एक तीन मंजिला इमारत की सबसे नीचे वाली मंजिल में स्थित कपड़े और बैग की दुकान में अचानक आग लग गई। इस आग की लपटों ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया और उसने ऊपरी मंजिल पर स्थित होजरी की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।

पुलिस के मुताबिक लार्डगंज थाना क्षेत्र में स्थित इस बाजार की दुकान में लगी आग से आसपास की दुकान तक फैलने की आशंका थी, मगर फायर ब्रिगेड की एक दर्जन से ज्यादा गाडिय़ों ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया।

बाजार की सडक़ संकरी होने पर फायर ब्रिगेड को अंदर तक पहुंचने में काफी मशक्कत करना पड़ी। इस अग्निकांड में तीन दुकानें पूरी तरह जल गई हैं और उनके आसपास के मकानों को भी इस अग्नि कांड ने प्रभावित किया है।

## 25 मई खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट, गुरुद्वारा ट्रस्ट ने शुरू कर दी तैयारियां

**देहरादून । आरएनएस**



उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो चुकी है। इसी बीच सिखों के सबसे पवित्र धर्मस्थल हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने की तारीख की घोषणा कर दी गई है।

25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने वाले हैं। गुरुद्वारा ट्रस्ट ने इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। हेमकुंड साहिब मार्ग से बर्फ हटाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। चारधाम यात्रा में हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने हेमकुंड साहिब के लिए श्रद्धालुओं की संख्या सीमित करने का निर्णय लिया है।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने फैसला किया है कि इस बार हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने पर हर दिन 3,500 श्रद्धालु ही दर्शन करने के लिए जा सकेंगे। कमेटी का कहना है कि अभी हेमकुंड साहिब में बहुत बर्फ है, जिसके चलते अभी श्रद्धालुओं की संख्या को सीमित करने का फैसला किया गया है। इसमें हर दिन 3,500 श्रद्धालुओं को ही दर्शन के लिए भेजा जाएगा। जब बर्फ पिघलेगी, उसके बाद एक बार फिर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। बता दें कि 22 मई को पंज प्यारों की अगुवाई में राज्यपाल एवं संत समाज द्वारा ऋषिकेश से हेमकुंड साहिब यात्रा का आगाज किया जाएगा।

## अजमेर के तारागढ़ दरगाह में खूनी संघर्ष, पुरानी रंजिश को लेकर आपस में भिड़े दो गुट

**अजमेर (आरएनएस)।** राजस्थान के अजमेर के तारागढ़ स्थित मीरा साहब की दरगाह के खादिमों के दो गुट के आपस में भिडऩे की खबर सामने आई है। घटना शनिवार देर शाम की है, बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए।

दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर तलवारों से हमला किया है। इस हमले में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को लहूलुहान हालत में इलाज के लिए अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

दरगाह थानाधिकारी नरेंद्र सिंह जाखड़ ने बताया कि तारागढ़ दरगाह में एक ही परिवार के दो गुट हैं। वर्तमान में हुए कमेटी चुनाव को लेकर दोनों पक्षों में रंजिश थी, ठेके को लेकर भी विवाद है। शनिवार को दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर बरसाए और तलवारों से हमला कर दिया।

उन्होंने बताया कि हमले में दोनों पक्षों के पांच-पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए जेएलएन अस्पताल लाया गया है। घायलों में किसी के सिर, गर्दन समेत अन्य जगहों पर चोटें आई है। पूरे मामले में पुलिस ने एक युवक को भी हिरासत में ले लिया है। हमला करने वाले लोग फरार बताए जा रहे हैं, फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## लग्जरी कार में सवार नाबालिग ने युवक-युवती को रौंदा, दोनों की मौके पर मौत; भीड़ ने कर दी चालक की धुनाई

**पुणे । आरएनएस**

महाराष्ट्र के पुणे शहर में रविवार को एक नाबालिग द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार लग्जरी कार 'पोर्शे' ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे युवक-युवती की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना करीब सवा तीन बजे कल्याणी नगर में हुई और 17 वर्षीय कार चालक के खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। कल्याणी नगर के एक भोजनालय में पार्टी के बाद दोस्तों का समूह अपनी मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। प्राथमिकी के अनुसार जब वे कल्याणी नगर जंक्शन पर पहुंचे, तो एक तेज रफ्तार लक्जरी कार ने मोटरसाइकिलों में से एक को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइल सवार दो लोग गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसमें कहा गया है कि दोनों को टक्कर मारने के बाद कार सडक़ किनारे फुटपाथ की रेलिंग से टकरा गई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया जिसमें लोगों के एक समूह को दुर्घटनाग्रस्त कार से बाहर निकालने की कोशिश कर रहे चालक की पिटाई करते देखा गया। प्राथमिकी के मुताबिक मृतकों की पहचान अनीस अवधिया और अश्विनी कोस्टा के रूप में हुई है। यरवदा पुलिस थाने में कार चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।